आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 07.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों को सतर्क रहने का निर्देश दिया।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों की जानकारी दी।
- पिथौरागढ़ के प्रभारी सचिव रंजीत सिन्हा ने जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया।
- प्रदेश में फर्जी राशन कार्डों को लेकर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग का सत्यापन अभियान जारी।

एचएमपीवी सतर्कता

देश में श्वसन संबंधी बीमारी ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस– एचएमपीवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने आज एक वर्चुअल बैठक में राज्यों से इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण की निगरानी और समीक्षा करने की अपील की।
इस बीच, उत्तराखंड में एचएमपीवी से बचाव और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी जिलों के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश की प्रभारी स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है।

भारतपोल पोर्टल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो– सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। भारतपोल पोर्टल का उद्देश्य इंटरपोल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों पर कार्रवाई को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें रेड नोटिस और अन्य इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारतपोल अंतर्राष्ट्रीय जांच को नए युग में ले जाएगा।

मुख्यमंत्री दिल्ली

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी से ओएनजीसी और आईओसी से राष्ट्रीय खेलों में सीएसआर में स्पॉन्सरशिप दिए जाने का अनुरोध भी किया। आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान श्री धामी ने उन्हें राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंत्रालय द्वारा हरसंभव सहायता की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर उन्हें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में खेल अवस्थापनात्मक सुविधाओं के प्रस्तावों को स्वीकृत करने का अनुरोध किया। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि केंद्र से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

राज्यपाल राष्ट्रीय खेल

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान स्थानीय उत्पादों का प्रचार–प्रसार करने और स्वयं सहायता समूहों को इस आयोजन में प्रतिभागी बनाए जाने पर जोर दिया है। राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के संबंध में राज्यपाल ने आज राजभवन में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को इस आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता, समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

मशाल स्वागत

प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों की मशाल तेजस्विनी के बागेश्वर जिला मुख्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय खेलों के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए तहसील परिसर से जिलाधिकारी ने विशाल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही प्रचार रथ का अनावरण किया गया।

प्रभारी सचिव समीक्षा

पिथौरागढ़ जिले के प्रभारी सचिव रंजीत सिन्हा ने आज जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जिला मुख्यालय में बन रहे मेडिकल कॉलेज के साथ ही इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई और मल्टी स्टोरी पार्किंग सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया और अधिकारियों को सभी कार्यों में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के रुके हुए विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों को लेकर वे शासन स्तर पर बातचीत कर उन्हें निस्तारित करेंगे।

राशन कार्ड अभियान

प्रदेश में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने फर्जी राशन कार्डों को लेकर अभियान शुरू किया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले के प्रमुख सचिव एल. फैनइ ने कहा कि राशन कार्डों की लगातार जांच की जा रही है, ताकि पात्र लोगों को ही इसका लाभ मिल सके।

नशामुक्त ग्राम सभा

प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस, गांव और कस्बों तक पहुंच रही है। अभियान में पुलिस को ग्रामीणों का समर्थन भी मिल रहा है। इसी कड़ी में उत्तरकाशी जिले में धौंतरी पुलिस चौकी क्षेत्र के चौदियाट गांव की महिलाएं नशा मुक्त ग्रामसभा बनाने का प्रस्ताव तैयार कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि अब उनके गांव में किसी भी समारोह में शराब नहीं परोसी जाएगी। शराब पीने और पिलाने वालों का विरोध किया जाएगा। साथ ही शराब परोसने वाले परिवार का बहिष्कार किया जाएगा। ऐसे परिवारों के किसी भी समारोह में ग्रामीण शामिल नहीं होंगे। इस निर्णय का पूरी ग्रामसभा ने स्वागत किया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिलों में आने वाले कुछ दिनों में मौसम साफ बना रहेगा। जबकि हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में सुबह हल्का कोहरा छाये रहने की संभावना है। यह जानकारी देते हुए मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते आगामी 11 और 12 जनवरी को राज्य में कहीं–कहीं बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

नितिन गडकरी

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गडकरी ने कहा कि यह वार्षिक आयोजन केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल बढ़ाने तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत मामलों और समन्वित रणनीतियों को आगे बढाने के तरीकों पर चर्चा का महत्वपूर्ण मंच है।